# Notice Board

1. मदरसा निर्देश
2. शुल्क विवरण
3. ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथियां
4. समस्त प्रकार के ओवदन फार्मो के बारे में
   - a. मदरसा पंजीयन आवेदन फार्म
   - b. मदरसा मान्यता नवीनीकरण आवेदन फार्म
   - c. मदरसा समिति पंजीयन आवेदन फार्म
   - d. मदरसा समिति नवीनीकरण आवेदन फार्म
5. विशेष नोट

1. **मदरसा निर्देशः-** म.प्र. मदरसा बोर्ड में मदरसों के आवेदन केवल एम.पी.ऑनलाईन लिमिटेड की ऑनलाईन पोर्टल सेवा के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे। अपने नजदीकी ऑनलाईन पोर्टल सेवा केन्द्र के माध्यम से मदरसा संचालक नवीन मदरसा पंजीयन, नवीन समिति पंजीयन, मदरसा मान्यता नवीनीकरण एवं समिति नवीनीकरण के आवेदन कर सकते है। आवेदन उपरांत ऑनलाईन पोर्टल सेवा केन्द्र द्वारा प्रदाय कम्प्यूटराईज्ड पावती के साथ, उसमें अंकित दस्तावेजों को संलग्न कर मदरसा बोर्ड कार्यालय में डाक के माध्यम से भेजने पर ही मदरसा संबंधी अग्रिम कार्यवाही की जा सकेगी।

2. **शुल्क विवरणः- समस्त प्रकार के आवेदनों का निर्धारित शुल्क इस प्रकार हैः-**

| आवेदन का नाम | बोर्ड द्वारा निर्धारित शुल्क | अन्य शुल्क | पोर्टल सेवा शुल्क | कुल शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| नवीन मदरसा पंजीयन आवेदन फार्म | 650 | - | 100 | 750 |
| नवीन मदरसा समिति पंजीयन शुल्क | 600 | - | 100 | 700 |
| मदरसा मान्यता नवीनीकरण सामान्य शुल्क | 500 | - | 100 | 100 |
| मदरसा मान्यता नवीनीकरण कक्षा स्तर वृद्धि के साथ शुल्क | 500 | 200 | 100 | 800 |
| मदरसा समिति नवीनीकरण का सामान्य शुल्क | 500 | - | 100 | 600 |
| मदरसा समिति नवीनीकरण का विलम्ब शुल्क | 500 | 200 | 100 | 800 |

सहित शुल्क

**3. ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथियांः- समस्त प्रकार के आवेदनों की निर्धारित अंतिम तिथियां इस प्रकार हैः-**


| आवेदन का नाम | बोर्ड द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|
| नवीन मदरसा पंजीयन आवेदन फार्म | 15, मई 2014 |
| नवीन मदरसा समिति पंजीयन | वर्ष- भर **( समिति परिवर्तन होने की दशा में एवं नवीन मदरसा पंजीयन से पूर्व )** |
| मदरसा मान्यता नवीनीकरण सामान्य | 31, मई 2014 |
| मदरसा समिति नवीनीकरण का | वर्ष- भर **( जब समिति की अवधि समाप्त हो तब नवीनीकरण हेतु आवेदन करें )** |

4 **(a). मदरसा पंजीयन आवेदन फार्म :-** इस प्रकार का आवेदन नया मदरसा स्थापित करने हेतु किया जाता है। मदरसा का संचालन एक समिति करती है जो फर्म्स एण्ड सोसायटी के अधीन पंजीकृत समिति हो सकती है या वक्फ बोर्ड के अधीन पंजीकृत समिति हो सकती है यदि फर्म्स एण्ड सोसायटी के अधीन पंजीकृत समिति एवं वक्फ बोर्ड के अधीन पंजीकृत समिति उपलब्ध नही हो तो म.प्र. मदरसा बोर्ड में एक समिति पंजीकृत कराकर एक मदरसा स्थापित किया जा सकता है। मदरसा पंजीयन का ऑनलाईन आवेदन फार्म में समस्त जानकारियों के साथ-साथ समिति की जानकारी किस प्रकार दी जायेगी वह निम्नुसार है ः-


समिति के संबंध में पूछा गया है कि - **क्या मदरसा किसी संस्था द्वारा संचालित है ?**

इसमें **हॉ** की दशा में मदरसा संचालक यदि पूर्व की कोई समिति जो किसी अन्य विभाग जैसेः फर्म्स एण्ड सोसायटी या वक्फ बोर्ड का प्रमाण-पत्र उपलब्घ कराता है तभी हॉ पर click करते हुए फिर अगली फील्ड में उस संस्था/समिति का नाम टाईप करना है फिर विभाग का नाम जहां संस्था पंजीकृत है dropdown में से किसी एक को सिलेक्ट करना है फिर प्रमाण-पत्र पर अंकित संस्था का पंजीयन क्रमांक टाईप करना है एवं Browse में जाकर संस्था/समिति का प्रमाण-पत्र स्केन करके अपलोड कराना है

उदाहरणः **स्क्रीन-1 पर Red Underline के माध्यम से समझाया जा रहा है**




**यदि समिति उपलब्ध नही है तो नही पर** click करते ही तीन फील्डें स्वतः ही बन्द हो जायेंगी 1. संस्था का नाम 2. विभाग का नाम जहॉ संस्था पंजीकृत है 3. प्रमाण-पत्र की Scan Image Upload करें अब इन फील्ड को छोड.कर समिति पंजीयन आवेदन भरने के लिए एक लिंक दिया है उस पर click करना है click करते ही एक फार्म खुलेगा जो नवीन समिति पंजीयन फार्म कहलाता है इसें भरकर Submit उपरांत Payment Done किया जायेगा उसके बाद उसका application No. MBSR12345678 जो भी हो उसे मदरसा पंजीयन आवेदन फार्म में संस्था पंजी क्र/Online समिति पंजीयन आवेदन क्र. पर केवल अंकित करना है अब मदरसा पंजीयन आवेदन का Payment Done करते ही उसकी Receipt में स्वतः ही मदरसा समिति का नाम दिखेगा जो इस प्रकार हैः-




4 **<u>(b). मदरसा मान्यता नवीनीकरण आवेदन फार्मः-</u>** प्रत्येक वर्ष मान्यता प्राप्त मदरसों की मान्यता का नवीनीकरण मदरसा बोर्ड द्वारा किया जाता है। मदरसा मान्यता नवीनीकरण हेतु ऑनलाईन आवेदन करते समय ध्यान देने योग्य बिन्दु इस प्रकार हैः-

- सर्वप्रथम मदरसे का पंजीयन क्रमांक अंकित कर Enter करना है।
- संबंधित मदरसे की जानकारी सहित आवेदन फार्म खुलेगा जिसमें मदरसा संचालक की फोटो ID upload करना है।
- समस्त जानकारी अंग्रेजी (Phoenetic) में टाईप करना है शब्द टाईप करने के पश्चात Space देते ही वह शब्द स्वतः ही हिन्दी में परिवर्तित हो जायेगा पता अंकित करते समय म.न. शब्दों में टाईप करें **Example : म.न. बीस** वार्ड नं. भी शब्द में टाईप करना हैं।
- **<u>मदरसे की मान्यता का स्तर कक्षा 6 तक करना है कक्षा 7 तक करना है कक्षा 8 तक करना है ? *</u>**

यदि मदरसा आवेदक द्वारा कक्षा के स्तर को बढ़ाना है तो उपर अंकित कक्षा में से Drop Down में किसी भी एक कक्षा के स्तर का चुनाव करना है सामान्यतः सर्वप्रथम मदरसे को प्राथमिक स्तर की मान्यता प्रदाय की जाती है इसके बाद मदरसा को प्रत्येक वर्ष उसकी आवश्यकता के अनुसार एक-एक कक्षा की स्तर वृद्धि की जाती है। यदि मदरसे के पास माध्यमिक कक्षा तक मान्यता है तो इस बिन्दु की जानकारी में **NO**(नही ) को चुने। यदि कक्षा 8 चुना गया तो रूपये 200/- अतिरिक्त शुल्क देना प.ढ सकता है।

- **समिति की अवधि का विभाग द्वारा प्रमाणित प्रमाण- पत्र की Scan Image Upload करे ः**

उक्त से आशय समिति म.प्र. मदरसा बोर्ड में पंजीकृत समिति हो या रजि्स्ट्रार फर्म्स एण्ड सोसायटी के अधीन पंजीकृत समिति हो उसमें समिति के कार्यकाल की एक अवधि का सहपत्र होता है उसका प्रारूप इस प्रकार हैः-

**रजि्स्ट्रार फर्म्स एण्ड सोसायटी के अधीन पंजीकृत समिति में अवधि का प्रमाणः**

वर्ष 2010

वर्तमान में नियुक्त प्रबंधकारिणी के सदस्यों की सूची

| क्र. | नम सदस्य | पद जिस पर नियुक्त | व्यवसाय | | पद पर किस दिनांक से किस दिनांक तक कार्यरत् रहेंगे | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री शाहिद खान<br>पिता श्री सलीम खान | अध्यक्ष | समाजसेवी | 1305, साजिदा नगर, करवला रोड, भोपाल | 01/09/2010 से 30/08/2013 | |
| 2 | सुश्री शमशुन्निसा<br>पिता श्री सत्तार खान | उपाध्यक्ष | समाजसेवी | 305, साजिदा नगर, करवला रोड, भोपाल | तदैव | |
| 3 | श्रीमती इशरत सुल्ताना<br>पति श्री शाहिद खान | सचिव | समाजसेवी | 1305, साजिदा नगर, करवला रोड, भोपाल | तदैव | |
| 4 | श्री सरफराज खान<br>पिता स्व.श्री शब्बीर खान | कोषाध्यक्ष | समाजसेवी | 25, साजिदा नगर, करवला रोड, भोपाल | तदैव | |
| 5 | श्रीमती सफीका सुल्ताना<br>पति श्री जहरूल हसन | संयुक्त सचिव | समाजसेवी | 102, जे.पी.नगर, यूनियन कार्वाईट रोड, भोपाल | तदैव | |
| 6 | श्रीमती मेहरून्निशा<br>पति श्री मोहम्मद इल्यास | सदस्य | समाजसेवी | 10, अली नगर, छिंदवाड़ा | तदैव | |
| 7 | श्रीमती नाज हसन<br>पति स्व.श्री साजिद खान | सदस्य | समाजसेवी | 102, जे.पी.नगर, यूनियन कार्वाईट रोड, भोपाल | तदैव | |

21/1/2010
(आलोक नागर)
असि.रजिस्ट्रार

सचिव
1305, साजिदा नगर करवला रोड
भोपाल

## म.प्र. मदरसा बोर्ड में समिति का पंजीयन

मदरसा / मदरसा अध्ययन केन्द्र का नाम व पता ........ XXX, XXXXXX ........

मदरसा / मदरसा अध्ययन केन्द्र समिति का नाम व पता ........................................

7. **प्रबंध समिति का कार्यकाल** – प्रबंध समिति का कार्यकाल समिति गठन की दिनांक से तीन वर्ष का होगा।
8. **बैंक खातो का संचालन** – प्रबंध समिति जिन लोगों को अधिकृत करेगी वह बैंक खातों का संयुक्त संचालन करेगी। अधिकृत व्यक्ति, समिति अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष होंगे।

   बैंक का नाम.................................पता.................................खाता क्रमांक .......................... जिला ..........................

9. **प्रबंध कारिणी के सदस्यों की सूची** – मदरसा / समिति के कार्यों का प्रबंध, क्षेत्र के लोगों द्वारा चुनाव किया जाकर निम्नालिखित व्यक्तियों को नाम पद के द्वारा सौंपा गया है। जिनके प्रमाणित शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण-पत्र अनिवार्यतः संलग्न करें।

   प्रबंध कार्य कारणी मे एक संस्थापक को नियुक्ती अजीवन मदरसा के रूप मे की जायगी।

| क्र. | सदस्य का नाम | पिता/पति का नाम | पद | शिक्षण का विषय | पता | व्यवसाय | शैक्षणिक योग्यता | प्रशिक्षण योग्यता | मोबाइल/फोन नं. कोड सहित | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | XXX | XXX | XX | | XXX | \| | - | - | - | - |
| 2. | XXX | XXX | XX | | XXX | \| | - | - | - | - |
| 3. | XXX | XXX | XX | | XXX | \| | - | - | - | - |
| 4. | XXX | XXX | XX | | XXX | \| | - | - | - | - |
| 5. | XXX | XXX | XX | | XXX | \| | - | - | - | - |
| 6. | XXX | XXX | XX | | XXX | \| | - | - | - | - |
| 7. | XXX | XXX | XX | | XXX | \| | - | - | - | - |

हस्ताक्षर सील सहित
अध्यक्ष

हस्ताक्षर सील सहित
सचिव

हस्ताक्षर सील सहित
कोषाध्यक्ष

---

(कार्यालय उपयोग हेतु)

म.प्र. मदरसा बोर्ड अधिनियम 1988 की कण्डिका 8-2 (घ) की शक्तियों का प्रयोग करते हुए समिति को क्रमांक ....123.... दिनांक ....DD/MM/YYYY.... को मदरसा बोर्ड में पंजीकृत किया गया। जिसकी अवधि ....30/04/2011.... से ....01/05/2014.... तक (समिति के गठन के दिनांक से) रहेगी।

EXAMPLE
सचिव
म.प्र. मदरसा बोर्ड, भोपाल

मार्गदर्शन हेमु फोन नं. 0755-2737362, वेबसाइट www.mpmadarsaboard.org ई-मेल madarsaboar@yahool.com

प्रबंध कार्य कारणी का चुनाव क्षेत्र जन प्रतिनिधि/सरपंच/अ.पंचायत/शहर काजी की/बोर्ड के कर्तमान सदस्य अनुमोदन से बनादिया जायेगा।

**म.प्र. मदरसा बोर्ड में पजीकृत समिति में अंकित अवधिः-**

**नोटः-** इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन (**मदरसा संचालक /मदरसा संचालन समिति/मदरसे का पता एवं समिति पदाधिकारियों में परिवर्तन )** ऑनलाईन आवेदन में नही करना है इसके लिए मदरसा आवेदकों को पृथक से आवेदन सीधे मदरसा बोर्ड में करना होगा। मदरसा आवेदकों को बतायें कि ऑनलाईन आवेदन करते समय वही जानकारी उपलब्ध करायें जो पूर्व से मदरसा आवेदक द्वारा मदरसे के संबंध में मदरसा बोर्ड में उपलब्ध कराई है।

**4 (C). मदरसा समिति पंजीयन आवेदन फार्म:-** इस प्रकार का आवेदन नया मदरसा स्थापित करने हेतु किया जाता है। मदरसा का संचालन एक समिति करती है जो फर्म्स एण्ड सोसायटी के अधीन पंजीकृत समिति हो सकती है या वक्फ बोर्ड के अधीन पंजीकृत समिति हो सकती है यदि फर्म्स एण्ड सोसायटी के अधीन पंजीकृत समिति एवं वक्फ बोर्ड के अधीन पंजीकृत **समिति उपलब्ध नही हो तो** म.प्र. मदरसा बोर्ड में एक समिति पंजीकृत कराकर एक मदरसा स्थापित किया जा सकता है।

उपरोक्त के अतिरिक्त समिति पंजीयन का ऑनलाईन आवेदन समिति परिवर्तन की स्थिति में भी किया जा सकता है कि पूर्व से संचालित मान्यता प्राप्त मदरसा जिसकी संचालन समिति किसी अन्य विभाग में पंजीकृत है और वह उस समिति से मदरसा नही संचालित करना चाहता है तब वह मदरसा बोर्ड में समिति पंजीयन हेतु आवेदन कर सकता है परंतु उसे पुरानी समिति से 10 रू. के स्टॉम्प पर असंबद्धता एवं नई समिति से संबद्धता प्रमाण-पत्र नोटरी कराकर ऑनलाईन आवेदन की कम्प्यूटराईज्ड पावती पर नवीन समिति पदाधिकारियों के उनके नाम के सम्मुख हस्ताक्षर कराकर एवं पृथक से अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष की सील सहित हस्ताक्षर कराकर प्रस्ताव के साथ संलग्न कर मदरसा बोर्ड में प्रेषित करना होगा।

**4 (d). मदरसा समिति नवीनीकरण आवेदन फार्म ः-**

म.प्र. मदरसा बोर्ड में पंजीकृत समिति के कार्यकाल की अवधि तीन वर्ष तक की दी जाती है इसके बाद उस समिति को अपने कार्यकाल का नवीनीकरण कराना होता है इसमें पिछले कार्यकाल का प्रमाण-पत्र Upload कराना है एवं यदि समिति पदाधिकारियों में परिवर्तन नही किया है तो **नही** पर क्लिक करना है एवं यदि पदाधिकारियों में परिवर्तन किया गया है तो **हॉ** पर क्लिक करना है एवं पुरानी समिति पदाधिकारियों का त्याग-पत्र सह प्रस्ताव 2/3 बहुमत से पारित कर उसकी प्रमाणित प्रति कार्यालय, म.प्र. मदरसा बोर्ड में अनिवार्यतः भेजने पर ही परिवर्तन मान्य किया किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त यदि समिति का कार्यकाल समाप्त हुए 45 दिवस से अधिक हो गये हैं तो विलम्ब शुल्क रू. 200/- अतिरिक्त लगेगा।

5. **विशेष नोटः-** **आनलाईन द्वारा सभी प्रकार के आवेदन करने के पश्चात पोर्टल/ कियोस्क धारक द्वारा प्रदाय कम्प्यूटराईज्ड पावती में म.प्र. मदरासा बोर्ड , भोपाल में भेजे जाने वाले दस्तावेजों की जानकारी अंकित है जिसें आवेदक द्वारा कम्प्यूटराईज्ड पावती के साथ संलग्न कर रजिस्टर्ड डाक/ कोरियर से अनिवार्य रूप से कार्यालय , मदरसा बोर्ड में भेजना होगा तभी प्रकरण पर अग्रिम कार्यवाही की जा सकेगी ।**

**संपर्कः-** **कार्यालय, म.प्र. मदरसा बोर्ड, भोपाल**

**फोन नं. 0755- 2735931**

**ई-मेलः mpmadarsaboard@gmail.com**

**वेबसाईटः mpmadarsaboard.com**